**अभ्यास प्रश्न पत्र -2023**

**कक्षा -12**

**SET-B**

**विषय- व्यवसाय अध्ययन**

**समय:3:00 घंटे** **पूर्णांक:80**

---

**निर्देशः–**

**(1) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।**

**(2) प्रश्न क्र. 1 से 5 तक 32 वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं। जिसमें सही विकल्प 6 अंक, रिक्त स्थान 7 अंक, सही जोड़ी 6 अंक, सत्य/असत्य 6 अंक,एक वाक्य में उत्तर 7 अंक के प्रश्न हैं।**

**(3) प्रश्न क्र. 6 से 15 तक अति लघु उत्तरीय प्रश्न हैं, शब्द सीमा 30 शब्द है, प्रत्येक प्रश्न के लिए 2 अंक आवंटित हैं।**

**(4) प्रश्न क्र.16 से 19 लघु उत्तरीय प्रश्न हैं, शब्द सीमा 75 शब्द है, प्रत्येक प्रश्न के लिए 2 अंक आवंटित हैं।**

**(5) प्रश्न क्र. 20 से 23 तक विश्लेषणात्मक प्रश्न हैं, शब्द सीमा 120 शब्द है, प्रत्येक प्रश्न के लिए 4 अंक आवंटित हैं।**

**(6) प्रश्न क्र.6 से 23 तक सभी प्रश्नों में आंतरिक विकल्प दिये गए हैं।**

**1. सही विकल्प चुनिए–** **1X6=6**

(I) निम्नलिखित में से प्रबंध का उद्देश्य **नहीं** हैं -
(अ) लाभार्जन (ब) संगठन का विकास
(स) नौकरी देना (द) नीतियाँ बनाना

(II) प्रबंध के कितने स्तर होते हैं -
(अ) एक (ब) चार
(स) दो (द) तीन

(III) निम्नलिखित में से कौन सा प्रशिक्षण कार्यस्थल पर दिए गया प्रशिक्षण है -
(अ ) कार्य बदली प्रशिक्षण (ब ) कक्षा कक्ष व्याख्यान
(स ) समस्यात्मक अध्ययन (द ) प्रकोष्ठ प्रशिक्षण

(IV) निम्नलिखित में कौन सा नियुक्ति प्रक्रिया का चरण **नहीं** है-
(अ ) मानव शक्ति आवश्यकता का आकलन (ब ) भर्ती
(स ) आवेदकों में से चयन (द ) विकेंद्रीकरण

(V) स्थाई संपत्ति में क्या शामिल **नहीं** हैं -
(अ) मशीन (ब) भवन
(स) फर्नीचर (द) स्टॉक

(VI) विपणन व्यय भार किस पर होता है -
(अ) उद्योग पर (ब) व्यवसायियों पर
(स) ग्राहकों पर (द) उपभोक्ताओं पर

**2. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–** **1X7=7**

(I) फेयोल के सिद्धांत विशेष परिस्थितियों में लागू होते हैं जबकि टेलर के सिद्धांत ............ होते हैं।
(II) गति अध्ययन करते समय .........का उपयोग किया जाता है।
(III) सरकार द्वारा समय-समय पर पारित कानून और कानूनी संशोधन का संबंध .................... परिवेश से है।
(IV) नियंत्रण से .......... एवं ........ के विचलन का ज्ञान होता है।



https://www.mpboardonline.com

(V) दीर्घकालीन वित्त नियोजन .................... वर्ष या अधिक के लिए होता है।
(VI) विपणन प्रक्रिया ----------से शुरू होती है और-------- तक पहुंच कर समाप्त हो जातीहै।
(VII) उत्पाद को सुरक्षित रूप से परिवहन योग्य बनाने हेतु------- की आवश्यकता होती है।

**3. सही जोड़ियाँ बनाईये–** **1X6=6**

| **(A)** | | **(B)** |
|---|---|---|
| (I) | विशिष्ट विवरण | (अ) मौखिक जांच |
| (II) | संख्यात्मक योजना | (ब ) द्वितीयक बाजार |
| (III) | साक्षात्कार | (स)प्राथमिक बाजार |
| (IV) | प्रशिक्षण | (द) एक सामान्य प्रेरक प्रक्रिया |
| (V) | प्रतिभूतियो का क्रय-विक्रय का स्थान | (इ) बजट |
| (VI) | केवल प्रतिभूतियो का क्रय का स्थान | (फ) उद्देश्य |
| | | (ग) विशिष्ट ज्ञान में वृद्धि |
| | | (ह) नियम |

**4. सत्य/असत्य में उत्तर लिखिए–** **1X6=6**

(I) विकेन्द्रीय करण में अधीनस्थों द्वारा निर्णय लिये जाते है।
(II) कार्यात्मक संगठन की रचना कार्यों पर आधारित होती है।
(III) संप्रेषण मौखिक अथवा लिखित हो सकता है।
(IV) वित्तीय प्रबंध की उपयोगिता अंशधारियों के लिए **नहीं** होती है।
(V) सेबी की स्थापना निवेशकों के हितों की रक्षा और सुरक्षा के लिए की गई है।
(VI) सरकार से रजिस्ट्रेशन हो जाने के बाद ब्रांड एक ट्रेडमार्क बन जाता है।

**5. एक वाक्य में उत्तर दीजिए–** **1X7=7**

(I) संगठन के लाभ में कर्मचारियों को हिस्सा देना कौन सी अभिप्रेरणा है?
(II) मास्लो के अनुसार मनुष्य सर्वप्रथम कौन सी आवश्यकता को संतुष्ट करना चाहता है?
(III) नियंत्रण प्रक्रिया का प्रथम चरण क्या है?
(IV) कच्चा माल क्रय करने के लिए किस पूँजी का प्रयोग किया जाता है?
(V) चालू संपत्ति एवं चालू दायित्व के अंतर को क्या कहते हैं?
(VI) ISI मार्क वस्तुओं पर क्यों लगाया जाता है?
(VII) खाद्य पदार्थों में मिलावट रोकने के लिए कौन सा अधिनियम बनाया गया?

**6.** "प्रबंध कला एवं विज्ञान दोनों है।" समझाइये। **2**

**अथवा**

"प्रबंध सामाजिक प्रक्रिया है।" समझाइये।

**7.** " प्रबंध के कोई दो सहायक कार्य लिखिए। **2**

**अथवा**

प्रबंध के कोई दो मुख्य कार्य लिखिए।

**8.** व्यावसायिक पर्यावरण के सन्दर्भ में निम्नलिखित बिदुंओं को स्पष्ट कीजिए - **2**

(अ) गतिशीलता (ब) अनिश्चितता

**अथवा**

व्यावसायिक पर्यावरण के सन्दर्भ में निम्नलिखित को स्पष्ट कीजिए-

(अ) तुलनात्मकता (ब) पारस्परिक सम्बन्ध

**9.** व्यावसायिक पर्यावरण का महत्व दो बिन्दुओं में स्पष्ट कीजिए। **2**

**अथवा**

सामाजिक पर्यावरण के कोई दो पहलुओं को संक्षेप में समझाईये।



https://www.mpboardonline.com

10. नियोजन की दो सीमाएं लिखिए। 2

**अथवा**

नियोजन एक मानसिक अभ्यास क्यों है?

11. अधिकार अन्तरण एवं विकेन्द्रीकरण में 2 अन्तर लिखिये। 2

**अथवा**

औपचारिक एवं अनौपचारिक संगठन में 2 अंतर लिखिये।

12. विभागीय संगठन एवं कार्यात्मक संगठन में 2 अंतर लिखिए। 2

**अथवा**

विभागीय संरचना के 2 दोष बताइये।

13. विपणन से क्या आशय है? 2

**अथवा**

विज्ञापन से क्या आशय है?

14. उपभोक्ता संरक्षण का महत्त्व समझाइये। 2

**अथवा**

उपभोक्ता संरक्षण की दो विधियों को समझाइये।

15. क्षतिपूर्ति का अधिकार संक्षिप्त में समझाइये। 2

**अथवा**

शिकायत का अधिकार संक्षिप्त में समझाइये।

16. औपचारिक एवं अनौपचारिक संप्रेषण में तीन अंतर लिखिए । 3

**अथवा**

धनात्मक एवं ऋणात्मक अभिप्रेरणा में तीन अंतर लिखिए ।

17. नियंत्रण के तीन उद्देश्य लिखिये। 3

**अथवा**

नियंत्रण प्रक्रिया के चरण समझाइये।

18. वितीय योजना के क्या उद्देश्य होते है ? 3

**अथवा**

एक अच्छी वित्तीय नियोजन के गुण लिखिए।

19. पूँजी बाजार एवं मुद्रा बाजार में तीन अंतर लिखिए । 3

**अथवा**

सेबी के तीन मुख्य उद्देश्य लिखिए।

20. हेनरी फेयोल द्वारा प्रतिपादित सिद्धान्तों को समझाइये। 4

**अथवा**

प्रबंध के सिद्धान्तों की विशेषताएँ लिखिए।

21. नीतियों एवं नियमों में अंतर लिखिए। 4

**अथवा**

नियोजन एवं कार्य विधि में अंतर लिखिए।

22. चयन प्रक्रिया समझाइए । 4

**अथवा**

एक गुणवत्तापूर्ण नियुक्ति करण से संगठन को होने वाले लाभ को समझाइए।

23. ब्रांड एवं ट्रेडमार्क में अंतर लिखिए। 4

**अथवा**

एक अच्छे ब्रांड की विशेषताएं लिखिए।

--##--



https://www.mpboardonline.com